अध्याय
सोलह

पर्यायवाची शब्द

Synonyms



सूरज - सूर्य, दिवाकर, दिनकर   घर - सदन, भवन, आलय   फूल - पुष्प, कुसुम, सुमन

...! उपर्युक्त शब्दों को पढ़ने से पता चलता है कि 'सूरज' को दिनकर, सूर्य तथा दिवाकर भी कहते हैं। ...प्रकार 'घर' को सदन, भवन तथा आलय एवं 'फूल' को पुष्प, कुसुम तथा सुमन भी कहते हैं। शब्दों के ...ने पर भी अर्थ में कोई परिवर्तन नहीं आया है। इसी प्रकार के शब्दों को पर्यायवाची या समानार्थी शब्द ...ते हैं। अतः हम कह सकते हैं कि–

...मान अर्थ बताने वाले शब्द पर्यायवाची या समानार्थी शब्द कहलाते हैं।





पर्वत	–	पहाड़, गिरि, शैल
बादल	–	वारिद, अंबुद, नीरद
कमल	–	वारिज, अंबुज, नीरज
शिक्षक	–	आचार्य, गुरु, अध्यापक
जल	–	नीर, वारि, अंबु
शत्रुता	–	दुश्मन, वैरी, विरोधी
झंडा	–	ध्वज, पताका, ध्वजा
साँप	–	सर्प, भुजंग, नाग
चतुर	–	प्रवीण, निपुण, कुशल
पुत्र	–	तनय, सुत, बेटा
पवन	–	वायु, हवा, समीर
तालाब	–	ताल, सरोवर, सर
युद्ध	–	संग्राम, रण, लड़ाई